हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 8 मई 2024


04 लोकसभा चुनाव में जिले में सर्वाधिक 73.62...



07 सिरोंज में मतदाताओं ने उत्साह से डाले वोट, शाम...





**लोकसभा चुनाव 2024:** 42 डिग्री तापमान में वोट डालने लगी रहीं कतारें, जाफरखेड़ी के आदर्श कॉलेज में होगी मतगणना

# दोपहर में सूने रहे केंद्र: सुबह और शाम को मतदान केंद्रों पर लगी मतदाताओं की कतार



विदिशा। रायपुरा स्कूल में बने दो मतदान केंद्रों पर सुबह 6.30 बजे से मतदाताओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हुआ। शाम को भी यहां काफी भीड़ देखी गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

विदिशा-रायसेन लोकसभा सीट के लिए मंगलवार शाम 6 बजे मतदान थम गया। बचे हुए मतदाताओं को पर्ची के जरिए वोटिंग करवाई गई। विदिशा सीट पर इस बार 13 प्रत्याशी मैदान में हैं। मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच है। भाजपा से पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान तो कांग्रेस से पूर्व सांसद प्रतापभानु शर्मा मैदान में हैं। 8 विधानसभा वाले लोकसभा सीट में विदिशा जिले की विदिशा, बासौदा, बुधनी, इछावर, खातेगांव और सांची, भोजपुर, सिलवानी विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। चिलचिलाती धूप में भी लोग केंद्रों पर मतदान करने पहुंचे।




कांग्रेस प्रत्याशी और पूर्व सांसद प्रतापभानु शर्मा

भाजपा प्रत्याशी और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान

### विदिशा रायसेन लोकसभा क्षेत्र की आठ विधानसभा में वोटिंग प्रतिशत

| | |
|---|---|
| भोजपुर | 69.94 प्रतिशत |
| सांची | 68.78 प्रतिशत |
| सिलवानी | 68.05 प्रतिशत |
| विदिशा | 69.95 प्रतिशत |
| बासौदा | 73.62 प्रतिशत |
| बुधनी | 75.66 प्रतिशत |
| इछावर | 74.20 प्रतिशत |
| खातेगांव | 64.74 प्रतिशत |

नोट शाम 5 बजे तक प्राप्त आंकड़ों के आधार पर

## हर 2 घंटे में कहां कितने प्रतिशत हुआ मतदान

### सुबह 9 बजे तक 14.51 प्रतिशत हुआ मतदान

सुबह 9 बजे तक विदिशा में मात्र 11.10 प्रतिशत मतदान ही हुआ था। वहीं बासौदा में 14.90 प्रतिशत, कुरवाई में 16.59 प्रतिशत सिरोंज में 15.12 प्रतिशत और शमशाबाद में 14.83 प्रतिशत मतदान हुआ। सुबह 9 बजे तक जिले में कुल 14.51 प्रतिशत मतदान हुआ।

### सुबह 11 बजे 30.09 प्रतिशत मतदान हुआ

सुबह 11 बजे तक विदिशा में 29.88 प्रतिशत मतदान हुआ। बासौदा में 21.10 प्रतिशत मतदान, कुरवाई में 34.48 प्रतिशत ओर सिरोंज में 32.21 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं बासौदा में 32.32 प्रतिशत मतदान हुआ। सुबह 11 बजे तक जिलेभर में कुल 30.09 प्रतिशत मतदान हुआ।

### दोपहर 1 बजे 47.22 प्रतिशत मतदान हुआ

दोपहर 1 बजे तक विदिशा विधानसभा में 44.60 प्रतिशत मतदान हो सका। वहीं बासौदा में 48.60 प्रतिशत मतदान हुआ। कुरवाई में 48.80 प्रतिशत मतदान, सिरोंज में 46.70 प्रतिशत और शमशाबाद में 47.43 प्रतिशत मतदान हुआ। दोपहर 1 बजे तक कुल मतदान का प्रतिशत 47.22 रहा। सबसे अधिक मतदान कुरवाई विधानसभा में हुआ।

### दोपहर 3 बजे 55.22 प्रतिशत मतदान हुआ

दोपहर 3 बजे तक विदिशा विधानसभा में 55.22 प्रतिशत मतदान हो गया। वहीं बासौदा में 58.21 प्रतिशत और कुरवाई में 58.69 प्रतिशत मतदान हुआ। सिरोंज में दोपहर 3 बजे तक 57.13 प्रतिशत ही मतदान हो सका। वहीं शमशाबाद में 56.23 प्रतिशत मतदान हुआ। दोपहर तीन बजे तक जिले में कुल 57.12 प्रतिशत मतदान हुआ।

### शाम 5 बजे तक 65.59% तक पहुंचा मतदान

शाम 5 बजे तक विदिशा विधानसभा में 63.78 प्रतिशत मतदान हुआ। बासौदा में 66.71 प्रतिशत, कुरवाई में 66.71 प्रतिशत और सिरोंज में 66.39 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं शमशाबाद में 64.24 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं जिलेभर में शाम पांच बजे तक 65.59 प्रतिशत मतदान हुआ।

## पीएम आवास और नहर का पानी लाने किया मतदान का बहिष्कार

### गांव पहुंचे अधिकारी, कलेक्टर के आश्वासन के बाद दोपहर 2 बजे से मतदान शुरू हो सका



विदिशा। मौके पर पहुंचे कलेक्टर को समस्याओं से अवगत कराते ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

ग्राम ढाड़ोन में पीएम आवास एवं खेतों तक नहर का पानी लाए जाने को लेकर ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार कर दिया। सूचना मिलते ही कलेक्टर, एसपी, जिपं सीईओ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाइश देने का प्रयास किया। गांव के बब्लू मीना, अरविंद मीना ने बताया की गांव में अभी तक 25 परिवारों को ही आवास योजना का लाभ मिला है। शेष ग्रामीण योजना से वंचित हैं। गांव के किसानों ने सगढ़ नदी पर बने बांध से पानी लाने की मांग रखी। कलेक्टर के आश्वासन के बाद दोपहर 2 बजे से मतदान शुरू हो सका।

### आमखेड़ा सूखा में बहिष्कार के बाद हुआ मतदान

शमशाबाद विधानसभा की ग्राम पंचायत आमखेड़ा सूखा के 1900 से अधिक मतदाताओं ने पेयजल समस्या हल नहीं होने पर मतदान का बहिष्कार किया। गांव के सरपंच अविनाश पंडित ने हरिभूमि को बताया कि समूचा गांव काफी दिनों से पीने के पानी की समस्या से जूझ रहा है। पानी की टंकी नहीं होने से पेयजल समस्या बनी हुई है। बहिष्कार की जानकारी लगते ही पीएचई के ईई सहित अधिकारियों का दल गांव पहुंचा और पानी की टंकी की समस्या हल करने के विषय में ठोस कदम उठाने का आश्वासन दिया। इसके बाद 10:30 बजे से वोटिंग शुरू हुई और ग्रामीणों ने अपने मत का प्रयोग किया।

## 103 साल की कुंवरबाई स्वयं पैदल चलकर मतदान केंद्र पर मतदान करने पहुंची गईं



मतदान बूथ क्रमांक 171 गल्ला मंडी पर 103 वर्ष की बुजुर्ग महिला कुंवरबाई पैदल चलकर मतदान करने पहुंचीं। पैर में तकलीफ होने के बाद भी उन्होंने अपने मत का प्रयाग किया। कुंवर बाई के एक पैर में कपड़ा बंधा हुआ था। उम्रदराज होने के कारण आंखें भूरी हो गईं, कमर झुक गईं फिर भी उन्होंने चिलचिलाती धूप में मतदान केंद्र पहुंचकर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपने वोट की आहूति दी।

## फिलिपीन्स व श्रीलंका के 11 सदस्यों ने मतदान केंद्रों पर पहुंचकर देखी यहां की चुनावी प्रक्रिया

**विदिशा।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के तीसरे चरण की संपूर्ण प्रक्रियाओं का अवलोकन व अध्ययन करने फिलीपीन्स और श्रीलंका का 11 सदस्यीय अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि मंडल (इंटरनेशनल डेलीगेशन) आया। इनके द्वारा मंगलवार को लोकसभा क्षेत्र 18 विदिशा के मतदान केंद्र क्रमांक 94 शासकीय प्राथमिक शाला भवन सुनपुरा एवं मतदान केंद्र क्रमांक 82 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बागरी में जारी मतदान प्रक्रिया का अवलोकन किया। फिलिपीन्स और श्रीलंका के 11 सदस्यों का पूर्व उल्लेखित दोनों मतदान केन्द्रों में आगमन पर ग्रामीणजनों ने अतिथियों का स्वागत सत्कार किया।

ग्रामीणों ने सदस्यों का फूल-माला पहनकर स्वागत किया। इन्टरनेशनल डेलीगेशन में फिलीपीन्स के कमीशन ऑन इलेक्शन्स की एसोसिएट कमिश्नर सोकोर्रो बी. इंटिंग, डायरेक्टर सेलिया बी. रोमेरो एवं एग्जीक्युटिव असिस्टेंट सुश्री लेसली एन सी. कॉनक्विला विदिशा आएंगे। इसी तरह श्रीलंका के प्रेसीडेंशियल कमीशन ऑफ इन्क्वायरी टू मेक रिकमंडेशन्स फॉर



इलेक्शन लॉ रिफार्म्स के चेयरमैन जस्टिस वीवेज प्रियसथ गेरार्ड डेप, कमीशन मेम्बर सुंथारम अरूमैनायाहम, कमीशन मेम्बर अलीसंदारालेज सेनानायके, कमीशन मेंबर अहमद लेब्बे मोहम्मद सलीम, कमीशन मेंबर निमालका फर्नान्डो, कमीशन मेंबर शविथारानागे दीपानी सामंथा रॉडरिगो, कमीशन मेंबर एलन करमाइकल वेरे तंबिनायागम डेविड सहित कमीशन सेकेट्री माधवा देवा सुरेन्द्र ने मतदान की प्रक्रिया का अवलोकन किया है।

### 13 प्रत्याशी थे मैदान में

विदिशा रायसेन संसदीय क्षेत्र में कुल 13 प्रत्याशी मैदान में थे। भाजपा से पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान और कांग्रेस से पूर्व सांसद प्रतापभानु शर्मा के अलावा बीएसपी से किशनलाल लड़िया, जयप्रकाश जनता दल से कमलेश कुमार गौर, अखिल भारतीय परिवार पार्टी से धर्मवीर भारती, राइट टू रिकॉल पार्टी से धर्मेंद्र सिंह पवार, महानवादी पार्टी से भीकम सिंह कुशवाह, सपाक्स पार्टी से सीमा शर्मा सहित निर्दलीय प्रत्याशी, अब्दुल जब्बार, अब्दुल राशिद, धूलसिंह धम्मा, सत्येंद्र सिंह सिसोदिया चुनावी मैदान में थे।


## सुबह 7 बजे लाइन में लगे कलेक्टर-एसपी



विदिशा-रायसेन संसदीय लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान के दिन सुबह 7:00 बजे कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैध, एसपी दीपक शुक्ला, जिला पंचायत अधिकारी योगेश भरसट ने विदिशा नगरीय क्षेत्र के शेरपुरा स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 201 में पहुंचकर मतदान किया।

### 2019 में जिले में विधानसभावार हुए मतदान का प्रतिशत

| | |
|---|---|
| विदिशा | 68.37 प्रतिशत |
| बासौदा | 70.68 प्रतिशत |
| कुरवाई | 70.54 प्रतिशत |
| सिरोंज | 68.71 प्रतिशत |
| शमशाबाद | 69.18 प्रतिशत |
| कुल मतदान | 69.50 प्रतिशत |



विदिशा। सुबह सात बजे से पहले ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी लाइन नजर आई। सबसे अधिक भीड़ रायपुरा स्कूल में बने दो मतदान केंद्रों पर दिखाई दी।

### कलेक्टर व एसपी ने मतदान केंद्र पहुंचकर औचक निरीक्षण किया

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य एवं पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने संयुक्त रूप से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने सबसे पहले स्वंय मतदान किया इसके बाद शहर के विभिन्न मतदान केन्द्र क्रमशः हलाली कॉलोनी, ट्रिनिटी कान्वेंट, सीएम राइज, उत्कृष्ट विद्यालय, पशु चिकित्सालय में पहुंचकर जारी मतदान प्रक्रिया का जायजा ही नहीं लिया बल्कि मतदान केन्द्रों पर तैनात सुरक्षाकर्मी, बुर्जुग व युवा मतदाताओं से संवाद भी किया। कलेक्टर श्री वैद्य और पुलिस अधीक्षक श्री शुक्ला ने संयुक्त रूप से ग्रामीण क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का भी जायजा लिया है। जिसमें करारिया, इमलिया, लश्करपुर, देवखजूरी, नटेरन, सेऊ, पमारिया, हिनौतिया के मतदान केन्द्रों में पहुंचकर जायजा लिया है। वहीं नटेरन तहसील के ग्राम ढाड़ोन में मतदान के बहिष्कार की सूचना प्राप्त होने पर ग्राम में पहुंचकर ग्रामवासियों से बात की। ग्रामवासियों की समस्याओं का निदान शीघ्र कराने के संबंध में आश्वासन दिया।

## ग्यारसपुर ब्लॉक में 70% मतदान



हरिभूमि न्यूज ⏭ग्यारसपुर

लोकसभा चुनाव के लिए मंगलवार को मतदान हुआ। जिसमें ग्यारसपुर ब्लॉक में लगभग शाम के 6 बजे तक 70% मतदान किया गया। ग्यारसपुर में सुबह 6:30 बजे से मतदाता मतदान करने अपने पोलिंग बूथ पर पहुंचे। जैसे-जैसे धूप चढ़ती गई वैसे-वैसे मतदाता कम संख्या में दोपहर में पहुंचे मतदान करने शाम को 4 बजे के बाद अधिक संख्या में मतदान करने के लिए मतदाता अपने-अपने पोलिंग बूथ पर पहुंचे। जिला कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य और एसपी दीपक कुमार शुक्ला ग्यारसपुर ने की पुलिंग बूथ पर पहुंचकर मतदान का जायजा लिया। ग्यारसपुर की पांच पोलिंग पर 75% कुल मतदान हुआ।

### हैदरगढ़ क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से हुआ मतदान



**हैदरगढ़।** मंगलवार को विदिशा रायसेन लोकसभा चुनाव के लिए मतदान हुआ जो शांति पूर्ण रहा। हैदरगढ़ में तीन पोलिंग बूथ थे। जिनमें 72% प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं चीकली में 73%, मोहम्मदगढ़ 71%, खिरिया में 85%, रमपुरा में 73.7% मतदान हुआ। लोकसभा चुनाव के मतदान को लेकर काफी उत्सुकता दिखाई दी। मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने पोलिंग बूथों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे तथा निर्वाचन अधिकारी भी पोलिंग बूथों पर जायजा लेते दिखाई दिए। क्षेत्र भर में शांति पूर्ण तरीके से लोग उत्साहित होकर मतदान करते दिखाई दिए।

## सिरोंज व कुरवाई में 70 प्रतिशत से अधिक, शमशाबाद में 67% मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिले की पांचों विधानसभाओं में मंगलवार को सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हुआ। इससे पहले मॉकपोल की सम्पूर्ण प्रक्रिया हरेक मतदान केन्द्र पर की गई।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बुद्धेश कुमार वैद्य ने बताया कि विदिशा जिले की पांचो विधानसभाओं में मतदान प्रक्रिया निर्विघ्न रूप से हुई। उन्होंने बताया कि नटेरन जनपद पंचायत का ग्राम ढाडोन में मतदान बहिष्कार की सूचना प्राप्त हुई जिसे त्वरित संज्ञान में लिया गया और प्रशासन की पहल पर ग्रामवासियों ने मतदान करना शुरू कर दिया। कलेक्टर श्री वैद्य ने बताया कि विदिशा जिले की पांचों विधानसभाओं में शाम 6 बजे तक 70.35 प्रतिशत मतदाताओं के द्वारा मतदान प्रक्रिया में भाग लिया गया है।

जिले में शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न होने पर तथा पिछले लोकसभा निर्वाचन से अधिक मतदान होने पर कलेक्टर श्री वैद्य ने सभी मतदाताओं के प्रति तथा लोकसभा निर्वाचन में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से निर्वाचन आयोग को सहयोगप्रद करने वालो के प्रति आभार व्यक्त किया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी मोहिनी शर्मा ने बताया कि विदिशा जिले की तीन विधानसभाएं लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 5 सागर में शामिल हैं। जिले की तीन विधानसभाओं में मतदान हुआ उनमें कुरवाई विधानसभा में 70.43 , सिरोंज में 70.07 तथा शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र में 67.58 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ है। इसी प्रकार लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 18 विदिशा रायसेन के अंतर्गत जिले की विधानसभा क्षेत्र में 69.95 तथा बासौदा विधानसभा क्षेत्र में 73.62

## भाजपा प्रत्याशी लता वानखेड़े मतदान केंद्रों पर पहुंची, लिया जायजा



**शमशाबाद।** विधानसभा क्षेत्र में शांति पूर्वक मतदान हुआ। गर्मी को देखते हुए सुबह 7 बजे से ही मतदाता मतदान केंद्रों पर पहुंचकर मतदान किया। सुबह 10 बजे तक लगभग 25 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। जैसे जैसे गर्मी तेज होती गई वैसे ही मतदाताओं का मतदान केंद्र पर पहुंचना कम हो गया। दोपहर 1 बजे तक 40 प्रतिशत मतदान हुआ और 1 बजे से 3 बजे तक मतदान केंद्रों पर कम संख्या में मतदाता पहुंचे। दोपहर 3 बजे से 6 बजे के बीच फिर से मतदान केंद्रों पर भीड़ होने लगी। सभी मतदान केंद्रों पर चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था रही। अधिकारी ,कर्मचारी वाहनों से निरीक्षण करते रहे जिसके चलते शांति पूर्ण मतदान हुआ। भाजपा लोकसभा प्रत्याशी लता वानखेड़े ने शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं से जानकारी ली। इस दौरान उनके साथ भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### ग्राम फुरतला में सर्वाधिक 95 प्रतिशत और बैहलोट में सबसे कम 55 प्रतिशत रही वोटिंग

# लोकसभा चुनाव में जिले में सर्वाधिक 73.62 प्रतिशत मतदान गंजबासौदा तहसील में हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को लोकसभा चुनावों के लिए मतदान छुटपुट घटनाओं के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। सुबह से लेकर दोपहर तक धीमी गति से चले मतदान में दोपहर बाद बढ़त हुई और खबर लिखे जाने तक विधानसभा क्षेत्र में प्रारंभिक आकडों के अनुसार 73.62 प्रतिशत मतदान बताया जा रहा है। इस दौरान ग्राम फुरतला पोलिंग बूथ क्रमांक 214 में सर्वाधिक 95 प्रतिशत मतदान हुआ है। जबकि पोलिंग बूथ क्रमांक 22 बैहलोट में सबसे कम 55 प्रतिशत मतदान हुआ है। उधर दो गांवों में विकास कार्य न होने पर ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया था, जहां प्रशासनिक अधिकारियों ने पहुंचकर ग्रामीणों को समझाइश देकर मतदान शुरू कराया और शाम तक इन गांवों में भी अच्छा मतदान हुआ।

मंगलवार की सुबह से मतदान प्रक्रिया शुरू की गई। जिसमें मतदान प्रारंभ करने के पहले ईव्हीएम मशीनों से माकपोल मतदान कराया गया। मतदाताओं को मतदान केन्द्र में उत्सव जैसे महौल का अनुभव हो। इसके लिए भी बासौदा विधानसभा में 20 आदर्श मतदान केन्द्र बनाए गए थे। जो चुनाव में आकर्षण का केन्द्र रहे। इन मतदान केन्द्रों पर विशेष साज सज्जा कराकर अन्य सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थी। इन केन्द्रों में मतदान करने वाले मतदाताओं को कुर्सी, बैंच की व्यवस्था के अतिरिक्त पीने के पानी और छाया की व्यवस्था की गई थी। इसके अलावा एक दिव्यांग केन्द्र भी बनाया गया था। लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए बनाए गए मतदान केन्द्रों की 100 मीटर की परिधि में मोबाइल फोन पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहा। मतदान केन्द्र पर मौजूद सुरक्षा कर्मी इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखा गया कि मतदाता मतदान केन्द्र पर जाते समय मोबाइल फोन साथ न ले जाएं। केवल प्रेक्षक ,सहायक रिटर्निंग सुरक्षा में तैनात अधिकारियों को ही मोबाइल फोन की अनुमति रही।

मतदान शुरू होने के बाद सुबह से दोपहर तक कुछ अच्छा मतदान हुआ, लेकिन धूप तेज होते ही मतदान में कमी आने लगी थी। जिससे दोपहर में मतदान प्रतिशत नहीं बढ सका और मतदान प्रतिशत 50 प्रतिशत के आसपास ही पहुंच सका। इसके बाद दोपहर बाद मतदाता अपने घरों से निकलकर मतदान केन्द्रों पर पहुंचे जिससे मतदान समाप्ति तक मतदान का प्रतिशत 73.62 प्रतिशत तक पहुंच सका। आदर्श मतदान केन्द्र, पिंक बूथों पर मतदाताओं को विशेष सुविधाओं के साथ मतदान कराया गया। वहीं प्रत्येक बूथ पर भी दिव्यांग, वृद्ध मतदाताओं को आने जाने की सुगम व्यवस्था की गई थी। साथ ही पेयजल, छांव एवं बैठने के लिए भी पर्याप्त और अच्छे प्रबंध किए गए थे। उधर चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी के बावजूद इस दौरान मतदान प्रक्रिया में एसडीओपी मनोज मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस एवं सुरक्षाबल पूरी मुस्तैदी से लगा रहा और कहीं भी कोई अप्रिय स्थिति निर्मित नहीं होने दी गई। वहीं आंगनवाडी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा ऊषा कार्यकर्ता, शिक्षकों, बीएलओ, चौकीदारों, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारियों ने पूरी लगन के साथ मतदान प्रक्रिया में अपना भरपूर सहयोग दिया। क्षेत्र में पूरी तरह शांतिपूर्ण और सुरक्षा के बीच संपन्न हुए मतदान पर नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, मतदाताओं ने निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारी, कर्मचारियों और सहयोगियों के कार्य प्रबंधन की सराहना की है।






















## विदेश सहित अन्य नगरों से भी आए मतदाता

लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए आयरलैंड में जॉब कर रहे सुरेंद्र विश्वकर्मा हजारों रूपए खर्च कर यहां आए। सुबह उन्होंने अपने मतदान केन्द्र पर पहुंचकर अपने मत का प्रयोग किया। उधर पूर्व पंचायत मंत्री के निज सचिव सुरेंद्र श्रीवास्तव ने भोपाल से अपने पैतृक गांव ग्राम बीलाढाना पहुंचकर मतदान किया। इसी तरह अन्य नगरों में निवास कर रहे और पढाई कर रहे युवाओं एवं नागरिकों, महिलाओं, युवतियों ने भी वापस आकर मतदान के दिन अपने अपने मतदान केन्द्र पहुंचकर मतदान किया।



## मतदान केन्द्र के बाहर दो पक्षों में हुई मारपीट



नगर के राजेन्द्र नगर मतदान केन्द्र पर दोपहर बाद दो पक्षों में विवाद हो गया। इस विवाद के बाद दोनों पक्षों के बीच मतदान केन्द्र के बाहर झगडा हो गया। आपस में मारपीट के बाद इन दोनों ही पक्ष के लोगों ने देहात थाने पहुंचकर अपनी अपनी शिकायत दर्ज कराई। दोनों ही पक्षों ने एक दूसरे पर फर्जी मतदान कराने के प्रयास के आरोप लगाए।

## कहीं नवयुवाओं ने पहली बार तो कहीं परिवार तीन पीढ़ियों ने एक साथ किया मतदान

एक ओर जहां मतदान करने को लेकर पुराने मतदाताओं में उत्साह कम रहा, वहीं नव मतदाताओं ने पूरे उत्साह के साथ मतदान केन्द्रों पर पहुंचकर अपने मताधिकार का पहली बार उपयोग किया। इन मतदाताओं में भी नव युवतियों की संख्या अधिक रही और उन्होंने पूरे उत्साह के साथ मतदान प्रक्रिया में सहभागिता की। उधर महिलाओं ने भी अपने परिवार,सास, ननद, बेटे बेटियों के साथ पहुंचकर मतदान में भाग लिया। दूसरी ओर राठोर परिवार की तीन पीढियों ने एक साथ मतदान कर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता निभाई।







## पहले किया ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार, फिर कर दिया 81 प्रतिशत मतदान





तहसील के ग्राम पंचायत बरखेड़ा अंर्तगत ग्राम डफरयाई में पुल न बनने से नाराज ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया और मतदान शुरू होने के बाद से काफी देर तक कोई भी ग्रामीण मतदान के लिए नहीं पहुंचा। इसकी जानकारी मिलने पर एसडीएम विजय राय के निर्देश पर तहसीलदार संदीप जायसवाल, जनपद सीईओ भगवान सिंह सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाइश दी। बताया जाता है कि इस दौरान कुछ भाजपा नेताओं ने ग्रामीणों की पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से फोन पर बात भी कराई। जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री ने भी ग्रामीणों को समस्या समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने मतदान शुरू किया। शुरूआत में बिलंब के बावजूद इस गांव में मतदान समाप्ति तक 81 प्रतिशत मतदान हुआ।

### कानीखेड़ी टपरों के मतदाताओं ने भी किया बहिष्कार

नगर से सटे ग्राम महागौर के पास कानीखेडी के टपरो पर करीब दो दर्जन मतदाता निवास करते हैं। इस बस्ती तक पहुंचने के लिए कोई भी स्थाई एवं पक्का रास्ता न होने और स्टापडेम न बनने से यहां के रहवासी नाराज थे और इस कारण उन्होंने मतदान का बहिष्कार किया था। यहां भी तहसीलदार संदीप जायसवाल और जनपद सीईओ भगवान सिंह ने पहुंचकर ग्रामीणों को समझाइश दी और उन्हें मतदान के लिए सहमत किया। इसके बाद इन मतदाताओं ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस गांव में शाम तक 69 प्रतिशत मतदान हुआ।

## अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने किया मतदान

मंगलवार को सुबह मतदान शुरू होते ही एसडीएम विजय राय, तहसीलदार संदीप जायसवाल, विधायक हरिसिंह रघुवंशी,नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, जेलर आलोक भार्गव,नगर पालिका सीएमओ जयंत वर्मा, सहायक लेखा अधिकारी पुष्पेंद्र अहिरवार, स्वच्छता अधिकारी जावेद खान इंजीनियर सौरभ श्रीवास्तवआदि ने अपने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसके बाद अधिकारी मतदान प्रक्रिया की निगरानी में जुट गए और जनप्रतिनिधि सभी बूथों पर भ्रमण करते हुए अधिक से अधिक मतदान कराने के प्रयास में जुटे रहे।









### नागेश्वर पशुपतिनाथ महादेव मंदिर में सुनाई शिवमहापुराण

## भगवान के नाम का अंत नहीं है: पं.एलिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के सिरोंज चौराहा रजोदा रोड स्थित नागेश्वर पशुपतिनाथ महादेव मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के विश्राम पश्चात शिव महापुराण का शुभारंभ आचार्य पंडित विकास एलिया द्वारा हुआ। कथावाचक आचार्य पंडित विकास ऐलिया ने कहा कथा का विश्राम होता है। कथा समाप्त नहीं होती जहां-जहां कथा होती है वहां कथा का विश्राम होता है और दूसरी अन्य जगह कथा शुभारंभ हो जाती है भगवान का नाम उद्धार करने वाला है। भगवान के नाम का अंत नहीं है। भगवान का नाम जितना लिया जाए उतना कम है। शिव महापुराण में नारद की कथा गायन करते हुए कथा व्यास पं विकास एलिया ने कहा भगवान जिस पर कृपा करते हैं उसे बंदर बना देते हैं। जैसे नारद जी को विवाह की इच्छा हुई तो नारद जी को नारायण ने सुंदर की जगह बंदर बना दिया। प्रभु संतो को दुनिया की माया से भगवान की माया से परे रखते है। प्रभु की माया संतों पर नहीं होती है जिस पर प्रभु कृपा करते हैं। जिस संत पर प्रभु की कृपा होती वह संत बंदर जैसा होता है दुनिया को बंदर लगता है लेकिन भगवान का वह बहुत प्रिय होता है।


प्रभु की उसी पर कृपा होती है जो अंदर से निर्मल है, जिसने अपने काम क्रोध पर विजय प्राप्त कर ली है ऐसे भक्त को प्रभु प्राप्ति होती है। कथा में उपस्थित सरीना राजेश राय माथुर, प्रीति राजकुमार सक्सेना, कल्पना राजेश सक्सेना ,सूर्य, सुनीता विजय अरोरा एवं समस्त धर्माधिकारी मौजूद थे।

## गर्मी और उमस से बड़ी परेशानी



**गंज बासौदा।** विगत दो तीन दिनों से इलाके में गर्मी और उमस में वृद्धि हुई है। लगातार तापमान के पारे में इजाफा हो रहा है। जिससे लोगों में उल्टी, दस्त, घबराहट, सिरदर्द, चक्कर आने की समस्याएं देखी जा रही हैं। मंगलवार को तापमान 40 डिग्री से ऊपर होने से तेज गर्मी और उमस के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

## दो सांड आपस में लड़े एक्टिवा हुई क्षतिग्रस्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को शाम के समय पचमा बायपास मार्ग पर दो सांड आपस में लड़ गए। आपस में लड़ते हुए सांड वहीं मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे खड़ी एक्टिवा पर चढ़ गए। जिससे एक्टिवा का अगला और पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं पास से पैदल गुजर रहे राहगीर बाल बाल बच गए। बाद में किसी तरह सांडों को अलग कर भगाया गया।

भीषण गर्मी भी नहीं तोड़ पाई मतदाताओं का उत्साह, मतदान करने केंद्रों पर लगी कतारें

# सिरोंज में मतदाताओं ने उत्साह से डाले वोट, शाम 6 बजे तक 70.7% मतदान





**सिरोंज विधानसभा क्षेत्र में सुबह 7 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक मतदान प्रतिशत**

| | |
|---|---|
| सुबह 7 बजे से 9 बजे तक मतदान | - 15.12 प्रतिशत |
| सुबह 11 बजे तक मतदान | - 32.21 प्रतिशत |
| दोपहर 1 बजे तक मतदान | - 46.70 प्रतिशत |
| दोपहर 3 बजे तक मतदान | - 57.13 प्रतिशत |
| शाम 5 बजे तक मतदान | - 66. 39 प्रतिशत |

फाइनल आकंड़ाः शाम 6 बजे तक मतदान - 70.7 प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

मंगलवार को लोकसभा चुनाव में मतदान को लेकर कई मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से ही मतदाताओं में उत्साह देखा दिखा, घंटों लाइन में खड़े होकर मत का प्रयोग किया। सिरोंज के कई केंद्रों पर दो से चार मतदाता ही नजर आए तो कई केंद्रों पर सुबह 9 बजे के बाद सन्नाटा पसरा रहा। शाम 6 बजे 70.7% मतदान हुआ।

### भीषण गर्मी ने भी मतदाताओं के उत्साह के आगे टेके गुटने

मतदान को लेकर सिरोंज शहर में इस बार युवाओं के साथ-साथ बुजुर्गों मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया। सुबह 6:30 बजे से ही कई मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लाइन लगना प्रांरभ हो गया था। वही दोपहर के समय भीषण गर्मी में भी मतदाताओं का उत्साह कम नही हुआ और मतदाता घंटों लाइनों में खड़े रहे। मतदाताओं के चहरो पर मतदान को लेकर अलग ही उत्साह देखने को मिला। कई लोग सुबह मार्निंग वाक करने के साथ सीधे मतदान केंद्र पहुंच गए और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसके साथ-साथ पहली बार वोट डाल रहे युवा भी मतदान को लेकर काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। सूरज चढ़ने के साथ ही नगर के अधिकांश मतदान केंद्रों पर मतदातओं की लाइन लगना चालू हो गया। फर्स्ट टाइम वोटर भी बड़ी संख्या में केंद्रों में पहुंचे। मतदान करने के लिए निकले ढाल बाजार निवासी अभी जैन ने बताया कि मतदान केंद्र पर सुबह 7 बजे से 9 बजे तक अच्छी खासी भीड़ रही और कई महिलाओं व पुरूषों ने घण्टों लाइन में खड़े होकर मतदान किया। वही नगर के अयोध्या बस्ती, नया पुरा, जैन धर्मशाला, कटरा मोहल्ला, बासौदा नाका सहित अन्य केंद्रों पर सुबह 9 बजे तक काफी भीड़ देखने को मिली। इसी के साथ कई मतदान केंद्रों पर ईवीएम की प्रोसेसिंग स्लो होने के कारण भी मतदाताओं को घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ा।

### कई मतदान केंद्रों पर देखा गया सन्नाटा

सिरोंज में मतदान को लेकर कई मतदान केंद्रों पर लंबी कतारे नजर आई तो वही भीषण गर्मी के चलते दिन के समय कई केंद्रों पर सुबह 10 बजें के बाद सन्नाटा भी देखने को मिला। तो कई केंद्रों पर दो से चार मतदाता ही नजर आए। हरिभूमि ने जब इन केंद्रों पर पहुचकर देखा तो मतदाताओं के लिए लगाई गई कुर्सिया भी खाली पडी रही। वही जब केन्द्र के बाहर तैनात कर्मचारियों से चर्चा की गई तो उन्होने बताया कि वोटिंग के लिए मतदाता आ रहे है। गर्मी तेज होने के कारण कई मतदाता सुबह के समय ही वोट कर चलें गए थें। वही जिन केंद्रों पर दोपहर के समय सन्नाटा पसरा हुआ देखा गया था उन्ही केंद्रों पर शाम चार बजे मतदाताओं की अच्छी खासी भीड देखी गई।

### ईवीएम व चुनाव सामग्री जमा करने के लिए रवाना हुए मतदान दल

शाम 6 बजे तक चले शांतिपूर्ण मतदान के बाद ईवीएम सहित चुनाव साम्रगी जमा करने के लिए मतदान दल बसों व अन्य वाहनों से स्ट्रांग रूम के लिए रवाना हुए। स्ट्रांग रूम जाने वाले समस्त वाहनों की यातायात मार्ग व्यवस्था एंव वाहन पार्किंग व्यवस्था का प्लान प्रशासन द्वारा पूर्व में ही तैयार कर दिया था। वही सिरोंज विधानसभा क्षेत्र के मतदान दल चुनाव सामग्री लेकर वाहन चालक अपने अपने वाहनो को लेकर स्ट्रांग रूम पहुचे।

### मतदाता ने एसडीएम से की शिकायत

नगर के वार्ड क्रमांक 14 ढाल बाजार निवासी गौतम साहू अपनी दादी 75 वर्षीय जमना बाई साहू को मतदान कराने के लिए शासकीय सीएम राइज स्कूल में बने मतदान केन्द्र पर पहुंचे तो मतदान केन्द्र पर तैनात महिला कर्मचारी ने उक्त मतदाता के साथ अभ्रद व्यवहार किया। गौतम साहू ने बताया कि मैं अपनी दादी को वोट डलवाने के लिए मतदान केन्द्र पर लेकर पहुंचा था लेकिन वहां मौजूद महिला कर्मचारी द्वारा मेरे व मेरी दादी के साथ अभद्रता की गई और अपशब्द का प्रयोग किया गया। जिसकी शिकायत मेरे द्वारा निर्वाचन अधिकारी एसडीएम हर्षल चौधरी से की गई थी। वही एसडीएम हर्षल चौधरी ने बताया कि ढाल बाजार निवासी गौतम साहू का मेरे पास फोन आया था उन्होंने मतदान केन्द्र पर मौजूद महिला कर्मचारी की शिकायत की थी। जिस पर मैंने तत्काल पीठासीन अधिकारी से बात की लेकिन उन्होंने बताया कि केन्द्र पर इस तरह की कोई बात किसी भी कर्मचारी द्वारा मतदाता से नही की गई।



निर्वाचन अधिकारी एसडीएम हर्षल चौधरी ने अपनी पत्नी डॉ शिवानी मालवीय के साथ सुबह के समय मतदान केन्द्र पर पहुंचकर किया अपना वोट डाला।



96 वर्षीय सुशीला बाई जैन ने अपने पुत्र पवन जैन के साथ मतदान केन्द्र पर पहुंचकर किया मतदान।

## कोरवाई के मतदाता अड़े थे मतदान के बहिष्कार पर फिर मान गए, डाले वोट

**वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल त्यागी के प्रयास और आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने बदला मन**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

सिरोंज विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत भगवंतपुर के ग्राम कोरवाई में ग्रामीणजन अपनी मूलभूत समस्याओं को लेकर मतदान के दिन ही ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया। जिसकी जानकारी जैसे ही भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता एडवोकेट कपिल त्यागी को लगी तो वह तत्काल उक्त ग्राम में पहुंचे और ग्रामीणों से चर्चा की और मतदान का बहिष्कार करने का कारण पूछा तो ग्रामीणो ने अपना दर्द और मूलभूत समस्याओं को बताया हुए कहा कि काफी लंबे समय से हमारे ग्राम में बिजली की डीपी खुली हुई पड़ी है। जिस कारण आए दिन जानवरों की मृत्यु हो रही है। साथ ही बिजली के खंभो पर तार नही है। ग्राम में किसी प्रकार की लाइट की कोई व्यवस्था नही है। जिसकी शिकायत हमने कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों को लिखित आवेदन लेकर व मौखिक रूप से कर चुके हैं। लेकिन अधिकारियो ने इस समस्या की ओर कभी कोई ध्यान नहीं दिया। इसी तरह ग्राम में सड़क व पुल नहीं होने के कारण ग्रामीण काफी परेशानियो का सामना कर पहुंच मार्ग तक पहुंच पाते हैं। ग्रामीणों ने कहा कि बरसात के समय में तो हमारा आवागमन ही बंद हो जाता है। हमारे गांव की समस्याओं की जानकारी लेने के लिए न तो कभी कोई अधिकारी आते और न ही कोई नेता आते। उल्लेखनीय है कि ग्राम कोरवाई भाजपा का गढ़ माना जाता है। लेकिन यह सब होने के बाद भी उक्त ग्राम के ग्रामीण मूलभूत सुविधा से कैसे वंचित रह गए। भाजपा नेता कपिल त्यागी की ग्रामीणों से काफी लंबी चर्चा हुई। इसके बाद त्यागी ने भाजपा प्रत्याशी लता बानखेड़े से उक्त गांव की मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया और ग्रामीणों की चर्चा भी कराई।

वहीं लता बानखेडे व कपिल त्यागी की ग्राम कोरवाई की समस्याओं के बारे में चर्चा हुई तो उन्होने बताया कि अचार संहिता के बाद हमारा पहला प्रयास रहेगा कि इस ग्राम की मूलभूत समस्याओं को जल्द ही पूरा किया जाएगा। लता बानखेडे के आश्वासन व एडवोकेट कपिल त्यागी के प्रयासों से ग्रामीण जन मतदान करने के लिए राजी हुए। वहीं ग्रामीणो ने भी त्यागी को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हम 80 से 90 प्रतिशत मतदान करेंगे और ग्रामीणजन अपने परिवार के साथ मतदान केन्द्र पर पहुंचे और अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

## मंत्री गोविंद सिंह ने अपनी धर्मपत्नी सविता सिंह राजपूत के साथ पैतृक ग्राम जेरई में मतदान किया



**सागर।** लोकसभा चुनाव के मतदान दिवस पर खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने अपनी धर्मपत्नी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सविता सिंह राजपूत के साथ अपने पैतृक ग्राम जेरई के बूथ क्रमांक 34 पर मतदान किया। मंत्री राजपूत ने सभी मतदाताओं से आग्रह करते हुए कहा कि स्वस्थ, सशक्त और भारत को विश्व की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने के लिए आप सभी मतदान करें एवं अपने ईष्ट, मित्रों, परिजनों से भी मतदान करने का आग्रह करें लोकतंत्र का यह महापर्व है अपना मत देकर मजबूत लोकतंत्र और विकसित भारत में अपना योगदान दें।

## भगवान परशुराम जयंती के लिए घर-घर संपर्क अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

युवा ब्राम्हण महापरिषद के तत्वाधान में 10 मई को विभिन्न कार्यक्रमों के साथ भगवान परशुराम का प्रगटोत्सव मनाया जाएगा।

दिन में शोभायात्रा निकाले जाने के साथ रात्रि में धर्मसभा एवं प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। परशुराम जयंती कार्यक्रम मे अधिकाधिक संख्या में ब्राम्हण परिवारों की उपस्थिति हो, इसके लिए युवा ब्राम्हण महापरिषद के पदाधिकारियों, सदस्यों द्वारा नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में घर-घर संपर्क कर आमंत्रण पत्रों का वितरण किया जा रहा है। 10 मई को भगवान परशुराम जी की भव्य झांकी के साथ नगर के प्रमुख मार्गो पर शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में क्षेत्र के साधु संतों, पुजारियों एवं ब्राम्हणों की भारी उपस्थिति के लिए ब्राम्हण युवा महापरिषद के पदाधिकारी संपर्क अभियान में सक्रिय बने हुए है। संजय शर्मा, नीलेश भार्गव, मोनू शर्मा, रेवाशंकर शर्मा, हिउस अध्यक्ष मनमोहन शर्मा, रामकुमार उपाध्याय, सुरेन्द्र शास्त्री सहित अन्यों द्वारा भीषण गर्मी में भी घरो-घर पहुंच कर परशुराम जयंती कार्यक्रम में ब्राम्हण परिवारों की महिला, पुरूष, युवाओं को आमंत्रित किया जा रहा है।

## जगह-जगह बसें रुकने से लगता है जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

नगर में भारी संख्या में दो पहिया, चार पहिया वाहन हैं। इसी के साथ ग्रामीण क्षेत्र से लोग भारी संख्या में वाहनों के साथ नगर में प्रतिदिन आते हैं। नगर में एक भी वाहन स्टैंड न होने से अघोषित वाहन स्टेण्ड मुख्य सडक के किनारों पर अनेक स्थानों पर बने हुए हैं। यात्री बसें बस स्टेण्ड से चालू होकर नगर के आधा दर्जन स्थानों पर आघोषित बस स्टैंड पर यात्रियों को चढाने उतारने स्थान-स्थान पर रुकने से जाम लगने के साथ घटना दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

नगर के बीचों बीच से निकली पुरानी एनएच 12 की मुख्य सडक पर लगभग डेढ किमी डिवाइडर बना हुआ है। मुख्य सड़क के दोनों ओर एक दर्जन से अधिक बैंक हैं। किसी भी बैंक के पास वाहन स्टैंड की सुविधा न होने से बैंकें खुलते ही बैकों के सामने मुख्य सड़क के किनारे दो पहिया, चार पहिया वाहनों की भरमार से जाम लगने की परेशानियों भरी स्थिति का सामना पैदल चलने वालों को करना पड़ता है।



### यातायात पुलिस गायब

नगर में दिन की शुरुआत सुबह से रात्रि तक मुख्य सडक के साथ टाकीज रोड, मंडी रोड, छोटा बाजार, कन्याशाला रोड, किनगी रोड, पिपरिया रोड, उदयपुरा नाके, इत्यादि स्थानों पर प्रतिबंध वाहनों का भारी आवागमन रहता है। नगर के सभी प्रमुख सार्वाजनिक स्थानों, तिराहों, चौराहों पर सुव्यवस्थित सुरक्षित यातायात के लिए यातायात पुलिस की मौजूदगी जरूर रहती है। परंतु नगर के किसी भी चौराहे, तिराहे, भीड भाड वाले स्थानों से यातायात पुलिसा गायब बनी रहने से वाहन चालकों की मनमानी बनी रहने से पैदल चलने वाले बुजूर्ग, महिलाएं, छात्र, बच्चे जोखिम भरी स्थिति में बने रहते हैं। सड़कों के किनारों पर घंटो से दो पहिया, चार पहिया वाहन और मालवाहक वाहन खड़े रहने पर उन्हे हटाने के प्रति यातायात पुलिस की अनुपस्थिति से वाहन चालकों, मालिकों की दबंगाई विवादों का कारण बनता रहता है। कॉलेज रोड, मंडी चौराहे, पिपरिया रोड, टाकीज, कब्रिस्तान चौराहे, दीनदयाल परिसर के आसपास, बस स्टेण्ड, उदयपुरा नाके, किनगी रोड, कन्याशाला रोड, बडा बाजार, सब्जी मंडी के आसपास दुकानों के भीतर से अधिक सामान सड़को पर फैला रहने से जाम लगने और जोखिम भरी स्थिति बनी रहती है। सड़कों पर स्थान-स्थान पर बिल्डिंग मटेरियल, कबाड सामग्री भी पड़ी रहने से वाहनों का आवागमन जोखिम भरी स्थिति में होता है। नपं. स्थानीय प्रशान, ट्राफिक पुलिस की लंबे समय से बनी उदासीनता, अतिक्रमणकारियों के विरूद्ध कभी भी प्रभावी कार्रवाई न किए जाने से ऐसा लगता है कि नगर अतिक्रमण के बीच बसा है। दुकानदारों को अपनी हद में रहने की बार-बार दी गई चेतावनी बिना प्रभावी कार्रवाई मात्र औपचारिकता और आम आदमी पैदल चलने वालों के साथ कभी -कभी वाहन चालकों के लिए भारी परेशानियों का कारण बनती रहती है।

## 3 पोलिंग बूथ पर हुआ 66.92% मतदान



हरिभूमि न्यूज ⏭ आनंदपुर


लोकसभा चुनाव के मतदान के दौरान आनंदपुर में बनाए गए तीन मतदान केंद्रों पर मतदान करने के लिए सुबह ही मतदाताओं की लाइन केंद्रों पर लगी रही। वहीं दोपहर के समय केंद्रों पर सन्नाटा दा गया और शाम होते ही फिर से केंद्रों पर मतदाता वोट डालने पहुंच गए। यहां बनाए गए तीनों केंद्रों पर कुल 66.92 प्रतिशत मतदान हुआ।

**मतदान केंद्र आनंदपुर**

| | |
|---|---|
| कुल पोलिंग बूथ | 03 |
| कुल मतदाता | 3193 |
| कुल मतदान | 2137 |
| कुल प्रतिशत | 66.92% |

## राशन दुकान का 16 बोरी चावल उल्टा पल्टी करते किया जब्त

### उचित मूल्य दुकानों से राशन सामग्री की हेराफेरी, हो रही ब्लैक मार्केटिंग



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

अनुविभाग की उदयपुरा देवरी, बरेली, बाड़ी तहसीलों में सैकड़ों उचित मूल्य की दुकानों से गरीबों, अतिगरीबों को सस्ती दरों एवं निःशुल्क राशन वितरण में देखरेख जांच के अभाव में सामग्री की हेराफेरी और काला बाजारी का जोर बना हुआ है। उदयपुरा में एक गल्ला व्यापारी के यहॉ से 16 बोरी चावल खाद्य राजस्व विभाग की टीम ने छापामार कार्रवाई के दौराल उल्टा पल्टी करते हुए जब्त किया गया। संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र में हजारों गरीब अति गरीब परिवार है। जिन्हें सहकारी समितियों, उपभोक्ता भंडारो एवं वन विभाग के द्वारा संचालित दुकानों, सेल्समेनों के द्वारा राशन सामग्री का वितरण किया जाता है। हमेशा समय पर राशन सामग्री न मिलने, कम सामग्री दिये जाने और समय से पूर्व ही राशन सामग्री समाप्त हो जाने की बहानेबाजी चलती रहती है। दुकानदारों, सेल्समेनों द्वारा विभिन्न तरीके अपना कर राशन सामग्री हडपने के प्रयास और सक्रियता बनी रहती है।

### नहीं होती जांच

अनुविभाग की बाड़ी, बरेली, उदयपुरा, देवरी तहसीलों की सेकडो ग्रापं. में हजारों गरीब, अतिगरीब, विकलांग ग्रामीण क्षैत्र में निवास करते है। प्रतिमाह हजारों क्विंटल गेंहू चावल एवं अन्य उचित मूल्य की सस्तीदरों एवं निःशुल्क वितरण होने वाली सामग्री का उठाव होता है। नियमानुसार प्रत्येक माह की 7 तारीख से पूर्व सामग्री का उठाव और हितग्राहियों में वितरण होना चाहिए। गरीबों की राशन सामग्री वितरण पर प्रभावशाली, दबंग लोगो का शिकंजा बना रहने और गरीबों द्वारा राशन सामग्री न मिलने की शिकायतों के बाद भी उचित मूल्य दुकानों की जांच, वितरण के दौरान किस प्रकार सामग्री का वितरण किया जा रहा है। खाद्य विभाग के जिम्मेदारों द्वारा जांच और प्रभावी कार्यवाही न किए जाने से सेल्समैनों, उपभोक्ता भंडारो की मनमानी बनी रहती है।

### 16 बोरी चावल जब्त

उदयपुरा के एक गल्ला व्यापारी के यहॉ से खाद्य उपनिरीक्षक आपूर्ति रावत, नायब तहसीलदार केके पंडोले एवं पटवारी की टीम ने एसडीएम बरेली संतोष मुदगल के निर्देश पर छापामार कार्रवाई जांच की गई। जब टीम पहुंची तो चावल की बोरियों की उल्टा पल्टी की जा रही थी। टीम द्वारा 16 बोरी जब्त चावल को सरकारी गोदाम में सुरक्षित रखने की कार्रवाई की गई।

## गर्मी ने पकड़ी रफ्तार, सूरज की किरणों से बरसने लगी आग, लू का खतरा बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

बैशाख, जेठ का महिना भीषणतम गर्मी, तेज धूप और जरा सी असावधानी पर लू लगने का कारण बनता है। पिछले एक सप्ताह से गर्मी ने अपने तीखे तेवर दिखाना शुरू कर दिए है। सूरज की किरणों से दिन में आग बरसने से सड़को, बाजारो में सन्नाटा छाने की स्थिति बन रही है। कभी कभार आसमान में बादल छा जाने से तेज धूप और आग बरसा रही सूरज की किरणों से लोगो को राहत जरूर मिल जाती है।

बैशाख का आधा महिना बीतने वाला है। प्रतिदिन बढता तापमान, गर्म हवाओं से दिन में शरीर को झुलसा देने वाली स्थिति बन रही है।



### गर्मी का कहर, लू लगने से बीमार हो रहे लोग

जिस प्रकार एकाएक गर्मी ने रोद्र रूप धारण किया, दिन में सूरज की किरणों और गर्म हवाओं का सामना कठिन हो रहा है। वही रात में भी गर्मी और उमस के माहौल से भरपूर नींद लेना कठिन होने लगा है। सुबह 9 बजे से शाम तक गर्म हवाओं का जोर बना रहता है। भीषणतम गर्मी के कारण जरा सी असावधानी लू लगने, बीमार पडने का कारण बन रही है। डॉ. बी.डी यादव ने तेज धूप, गर्मी में लोगो से बाहर न निकलने की सलाह दी है। जरूरी होने पर धूप से बचाव और भरपूर पानी पीकर ही घर से वाहन निकलन की सलाह देते हुए कहा कि शीतल पेय पदार्थो का भी बहुत सावधानी से उपयोग करें।

## 77.06% पुरुष, 69.43 % महिला मतदाता और 47.62 % थर्ड जेंडर मतदाताओं ने किया मतदान

**73.39%**

प्रतिशत रहा विस भोजपुर, सांची तथा सिलवानी में वोटिंग, महिला की तुलना में पुरुष रहे आगे

# शांतिपूर्ण रहा मतदान, गर्मी के चलते दोपहर में मतदान केंद्र रहे सूने, सुबह- शाम लगी लाइनें

**मैं भी जिम्मेदार मतदाता**



**लोकतंत्र के उत्सव हुए शामिल**



**हमने भी डाला वोट**



**कलेक्टर-एसपी ने डाला वोट**



**मतदान करने लगी रही लाइन**



**विकलांग भी नहीं रहे पीछे**



**कितना मतदान**

**558912**
जिले के मतदाताओं ने किया मतदान

**304739**
पुरुष मतदाता

**10**
अन्य मतदाता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

लोकसभा चुनाव के तृतीय चरण में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र विदिशा-रायसेन सीट में शामिल भोजपुर, सांची तथा सिलवानी विधानसभा में सभी 1908 मतदान केन्द्रों पर मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से सम्पन्न हुई। मतदान को लेकर सुबह से ही मतदाताओं में खासा उत्साह देखा। चाहे वृद्ध हो या युवा मतदाता या महिला मतदाता सभी मतदान करने के लिए उत्साहित थे। सुबह से ही मतदान केन्द्रों पर लम्बी-लम्बी कतारें देखीं गईं। मतदान केन्द्रों पर युवाओं से लेकर वयोवृद्ध मतदाता भी अपने मताधिकार का प्रयोग करने में पीछे नहीं रहे और उन्होंने पूरे उत्साह के साथ मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी जिम्मेदारी निभाई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे तथा एसपी विकास शहवाल द्वारा मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर मतदान प्रक्रिया का निरीक्षण किया गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे ने बताया कि विदिशा संसदीय क्षेत्र में शामिल जिले के भोजपुर, सांची तथा सिलवानी विधानसभा क्षेत्रों में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान सम्पन्न हुआ। हर आयु वर्ग के मतदाता लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान करने खासे उत्साहित थे। भोजपुर, सांची तथा सिलवानी विधानसभा में 73.39 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया। इनमें 77.06 प्रतिशत पुरूष, 69.43 प्रतिशत महिला और 47.62 प्रतिशत थर्ड जेण्डर शामिल हैं। इन तीनों विधानसभाओं में 558912 मतदाताओं ने मतदान किया। इनमें 304739 पुरूष मतदाता, 254163 महिला और 10 अन्य मतदाता शामिल हैं।

### विधानसभावार प्रतिशत

*जिले के भोजपुर विधानसभा में कुल 74.73 प्रतिशत मतदान हुआ है। इनमें 77.54 प्रतिशत पुरुष मतदाता, 71.70 प्रतिशत महिला मतदाता तथा 50 प्रतिशत अन्य मतदाता शामिल हैं। सांची विधानसभा में कुल 72.65 प्रतिशत मतदान हुआ है, जिसमें 76.69 प्रतिशत पुरुष मतदाता, 68.30 प्रतिशत महिला मतदाता और 57.14 प्रतिशत अन्य मतदाता शामिल हैं। इसी प्रकार सिलवानी विधानसभा में कुल 72.74 मतदान हुआ है। इनमें 76.93 प्रतिशत पुरुष तथा 68.19 प्रतिशत महिला मतदाता शामिल हैं।*

### विधानसभावार मतदान

*भोजपुर विधानसभा में 195758 मतदाताओं ने मतदान किया है। जिनमें 105339 पुरूष मतदाता, 90403 महिला मतदाता तथा 6 अन्य मतदाता शमिल हैं। सांची विधानसभा में कुल 195819 मतदाताओं ने मतदान किया है। इनमें 107297 पुरुष मतदाता, 88518 महिला मतदाता और 04 अन्य मतदाता शामिल हैं। सिलवानी विधानसभा में कुल 167345 मतदाताओं ने मतदान किया है। जिनमें 92109 पुरूष मतदाता तथा 75242 महिला मतदाता शामिल हैं।*

**सुबह से ही वोट डालने निकले मतदाता, केंद्रों पर लगी रहीं लंबी कतारें**

*कौन होगा विदिशा रायसेन लोकसभा का सरताज, 4 जून को आएगा फैसला*

# मामा व दादा की राजनैतिक किस्मत हुई ईवीएम में लॉक

- *कोई लाठी के सहारे तो कोई व्हीलचेयर पर पहुंचा वोट डालने*
- *आदिवासी मतदाता पारंपरिक वेश भूषा में मतदान करने पहुंचे*
- *युवा से लेकर बुजुर्ग मतदाता वोटिंग हेतु पहुंचे मतदान केंद्र*

**सिलवानी।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का मतदान मंगलवार को शातिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। कहीं से भी अप्रिय स्थिति निर्मित होने की जानकारी नहीं मिली। विदिशा लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाली सिलवानी विधानसभा क्षेत्र में भी शांति पूर्ण माहौल में मतदान संपन्न हुआ। सुबह से ही मतदान केंद्र पर मतदाताओ की लंबी लंबी कतार देखी गई, लेकिन दोपहर होते ही मतदान केंद्रो पर बीरानी देखी गई। इक्का दुक्का मतदाता ही मतदान करने पहुचें।

सिलवानी नगर में बनाए गए मतदान केंद्रो पर भी सुबह से ही बड़ी संख्या में पहुचें मतदाताओ ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान केंद्रो पर मतदाताओ की कतार देखी गई। तहसील मुख्यालय ही नही बल्कि अंचल के ग्रामामें बने मतदान केंद्रो पर भी मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करने पहुचें इन मतदान केंद्रो पर भी मतदाताओ ने कतार में लग कर अपनी वारी का इंतजार किया। भीषण गर्मी के चलते दोपहर के समय कमोवेश सभी मतदान केंद्र सूने रहे। हालांकि इस दौरान भी मतदाता मतदान करने पहुचे लेकिन उनकी संख्या नगण्य रही।




### बुजुर्ग मतदाताओं में देखा गया उत्साह

लोकतंत्र के महापर्व में वोट रुपी आहूति देने में बुजुर्ग मतदाता भी पीछे नहीं रहे। कोई व्हील चेयर पर तो कोई लाठी क सहारे वोट डालने मतदान केंद्र तक पहुंचे तथा मतदान कर सेल्पी भी ली। नगर के शासकीय कन्या स्कूल में बनाए गए मतदान केंद्र 225 पर सुबह के समय नगर के करीब 80 साल के बुजुर्ग मतदाता रविंद्र कुमार जैन लाठी के सहारे मतदान करने पहुचें, मतदान के बाद उनके द्वारा सेल्पी लेकर सोशल मीडिया पर वायरल कर सभी मतदताओ से आवश्यक रूप से मतदान करने की अपील की। बुजुर्ग मतदाताओ के साथ ही नव मतदाताओ में भी उत्साह देखा गया।

### आदिवासी मतदाता पारंपरिक वेशभूषा में मतदान करने पहुंचे

*लोकसभा चुनाव में मतदान को लेकर ग्रामीण अंचलो में भी मतदाताओ में उत्साह देखा गया। आदिवासी मतदाता अपनी पारंपरिक वेशभूषा में मतदान करने पहुचें। कंधे पर पीला गमछा रखे, ललाट पर तिलक लगा कर मतदान करने पहुचें। क्षेत्र में मतदान करने को लेकर महिला मतदाताओं में भी उत्साह देखा गया। मतदान केंद्रो पर मतदान दलो के साथ ही राजनैतिक दलो के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे, जो कि मतदाताओं सहयोग करते देखे गए। किसी भी मतदान केंद्र पर मतदाताको को परेशानी का सामना नही करना पड़ा। शाति पूर्ण मतदान कराने को लेकर चुनाव आयोग ने प्रत्येक मतदान केंद्र पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। स्थानीय पुलिस के साथ ही सुरक्षा बल की तैनाती भी की गई थी। मतदान केंद्रो पर मतदाताओ की सुविधा का ख्याल भी चुनाव आयोग के द्वारा रखा गया। यहां पर पानी, बैठक आदि की बेहतर व्यवस्था की गई, व्यवस्था को लेकर किसी भी मतदाता ने शिकायत नही की। कुल मिला कर चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम मशीन मे लॉक हो गया। जो कि 4 जून को मतगणना के बाद ही सामने आएगा कि कौन होगा विदिशा लोकसभा का सरताज। शांति पूर्ण मतदान समाप्त होने पर अधिकारियों, राजनैतिक दलों के नेताओं ने सभी का आभार माना।*

## युवाओं में दिखा मतदान का उत्साह भीषण गर्मी भी नहीं बन पाई बाधा

**बाड़ी।** लोकसभा निर्वाचन में पहली बार वोट डालने वाले युवाओं विशेषकर युवतियों में काफी उत्साह रहा। कई तो सुबह ही सबसे पहले बूथ पर जाकर लाइन में लग गए। अपने घर से दूर अपने प्रोफेशन नोकरी में लगे युवक-युवतियां भीषण गर्मी में भी चाव से मतदान करने के लिए आए।

सुबह से शाम तक गर्मी में भी मतदान करने के लिए युवा मतदान केंद्रों पर कतार में लगे दिखे। मतदान के प्रति युवाओ की जागरूकता और उत्साह दोनों ही सशक्त लोकतंत्र की नींव है, मतदान के प्रति उत्साह हो तो भीषण गर्मी भी बाधा नही बनती, ऐसी मतदान सशक्तता की तस्वीर आई है 141 भोजपुर विधानसभा के बाड़ी के भाग संख्या 260 से यहाँ थर्ड जेंडर मतदाता से लेकर बुजुर्ग दिव्यांग मतदाताओ ने आगे बढ़कर चुनाव का पर्व देश का गर्व लोकसभा की थीम को महापर्व के रूप मे सहपरिवार मतदान कर अपना कर्तव्य बखूबी निभाकर नगरीय क्षेत्र बाड़ी में 70 प्रतिशत मतदान किया अनेक सामाजिक कार्यकर्ताओं ने युवाओ से अपील करते हुए कहा कि वो भी अपने मताधिकार का प्रयोग करें और जिम्मेदारी निभाकर लोकतंत्र के सच्चे सिपाही बने। इसी प्रकार घर से दूर पढ़ाई कर रही शिखा चौहान ने कहा कि पहली बार वोट डालकर काफी अच्छा लग रहा है।

अपनी पंसद के अनुसार लोकतंत्र की मजबूती, युवाओं के हित में कार्य करने वाले को ध्यान में रखकर वोट दिया है। वोट डालने को लेकर सूची में नाम आने के बाद ही काफी उत्साहित थी।

### मतदान के प्रति महिलाओं में दिखा उत्साह सुबह से मतदान केंद्रों पर लगी लंबी लाइन

**सलामतपुर।** विदिशा रायसेन संसदीय लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सुनारी, सलामतपुर, रातातलाई एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हो गया जो शाम 6 बजे तक चला। सभी जगह शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हुआ। विशेष कर महिलाओं में चुनाव के प्रति उत्साह देखा गया। मतदान केंद्रों में सुबह साढ़े 6 बजे से ही मतदाताओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। शाम छह बजे तक सलामतपुर हायर सेकेंडरी स्कूल के तीन बोलिंग बूथों जिनमें 26 नम्बर में 75 प्रतिशत, 27 नम्बर बूथ में 85 प्रतिशत और 28 नम्बर पोलिंग बूथ में 64 प्रतिशत मतदान हुआ है। इसमें पुरुषों के 1075 और महिलाओं के 838 वोट शामिल हैं। विदिशा रायसेन लोकसभा सीट पर इस बार 13 प्रत्याशी मैदान में हैं, लेकिन मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच है। भाजपा से पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान हैं, जबकि कांग्रेस से पूर्व सांसद प्रताप भानु शर्मा प्रत्याशी हैं। धूप अधिक पढ़ने और गर्मी के कारण सुबह के समय और शाम के समय मतदाताओं की भीड़ अधिक रही। वहीं कई ग्रामीण क्षेत्रों में के पोलिंग पर मतदाताओं की सेहत का ख्याल रखते हुए लू से बचाने के लिए मतदाताओं को हरि मिर्च काला नमक कच्ची केरी उबाल कर शर्बत बनाकर पिलाने की व्यवस्था भी की गई थी।अधिक उम्र के बुजुर्ग मतदाताओं को लोग विभिन्न माध्यम से वोट डालने के लिए ले जाते देखे गए।

### मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा सुबह से लंबी-लंबी लाइन लगना हो गई थी प्रारंभ

**दीवानगंज।** लोकसभा चुनाव के लिए हुए मतदान के दौरान मंगलवार को मतदाताओं में खूब जोश दिखाई दिया। सुबह से ही मतदान केंद्रों पर कतारें लग गईं और यह सिलसिला मतदान समाप्त होने तक निरंतर चलता रहा। स्थिति यह हो गई कि तपती दोपहरी में भी महिलाएं कतार में लगी थीं। एक-एक मतदाता को प्रत्याशियों और उनके समर्थकों ने ढूंढ़-ढूंढ़कर निकाला। सुबह 7 बजे बालमपुर, दीवानगंज, सेमरा, अंबाडी में लंबी-लंबी मतदाताओं की कतार दिखाई दी। जिसमें बालमपुर और अंबाडी में कुछ ज्यादा ही मतदाता दिखाई दे रहे थे। बालमपुर में तो सुबह 6:30 बजे से मतदाता की लाइन लगा चालू हो गई थी। जैसे ही सुबह 7 बजे मतदान शुरू हुआ तो मतदाता भी समय से पहुंचना शुरू हो गए थे। लोगों को लगा कि दिन में भीड़ गर्मी होगी, इसलिए सुबह ही वोट डाल दिया जाए। बड़ी संख्या में महिला, पुरुष वोट डालने के लिए पहुंचे, लेकिन 10 बजे के बाद मतदान की गति कुछ धीमी हो गई। लेकिन 12 बजे के बाद फिर से भीड़ जुटना शुरू हो गई। शाम 4 बजे फिर से भीड़ अधिक एकत्रित हो गई। लेकिन जो भी कतार में लगे थे वोट सभी ने डाले। देश की सरकार चुनने के लिए लोगों में उत्साह की कमी नहीं थी। दोपहर में जब धूप तेज हो गई तो भी भीड़ रही।

**सदस्यों का पुष्पहारों से हुआ स्वागत**

## फिलीपींस और श्रीलंका के डेलीगेशन ने देखी वोट करने की प्रक्रिया





लोकसभा निर्वाचन की प्रक्रिया का अवलोकन करने मध्यप्रदेश आए फिलीपीन्स और श्रीलंका के डेलीगेशन ने रायसेन जिले के सांची विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत दीवानगंज के बूथ क्रमांक 18, 19 तथा ग्राम ढकना-चपना में मतदान केन्द्र क्रमांक-56 पर लोकसभा निर्वाचन के तीसरे चरण की संपूर्ण प्रक्रियाओं का अवलोकन व अध्ययन करने के लिए फिलीपींस और श्रीलंका सदस्यीय टीम मंगलवार शाम 4 बजे दीवानगंज स्कूल पहुंची। गेट पर फिलीपींस श्रीलंका के सदस्यों का वह मौजूद महिलाओं और पुरुषों ने तिलक लगाकर, फूल मालाओं, श्रीफल और साल से उनका स्वागत किया। निर्वाचन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से अवगत कराया कराया गया।

संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मनोज खत्री द्वारा फिलीपींस और श्रीलंका के डेलीगेशन को मतदान प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया। फिलीपींस के कमीशन ऑन इलेक्शंस की एसोसिएट कमिश्नर सोकोरों बी. इंटिंग के नेतृत्व में 3 सदस्यीय डेलीगेशन में डायरेक्टर सेलिया बी. रोमेरो एवं एग्जीक्युटिव असिस्टेंट लेसली एन सी. कॉनक्विला शामिल रहीं।

इसी तरह श्रीलंका के प्रेसीडेंशियल कमीशन ऑफ इन्क्वायरी टू मेक रिकमंडेशन्स फॉर इलेक्शन लॉ रिफार्म्स के चेयरमैन जस्टिस वीवेज प्रियसथ गेरार्ड डेप के नेतृत्व में 8 सदस्यीय डेलीगेशन में कमीशन मेम्बर सुंथारम अरूमैनायाहम, कमीशन मेम्बर अलीसंदारालेज सेनानायके, कमीशन मेंबर अहमद लेब्बे मोहम्मद सलीम, कमीशन मेंबर निमालका फर्नांडो, कमीशन मेंबर विथारानागे दीपानी सामंथा रॉडरिगो, कमीशन मेंबर एलन करमाइकल वेरे तंबिनायागम डेविड सहित कमीशन सेकेट्री माधवा देवासुरेन्द्र शामिल रहे।

भ्रमण के दौरान एसडीएम पीसी शाक्या, सांची जनपद सीईओ बंदू सूर्यवंशी व नायब तहसीलदार नियती साहू सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**ग्रामवासियों ने छात्रा को दी बधाई**

## छात्रा ने 12वीं में 87.6% लाकर स्कूल में पाया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती, जरूरत है उसे सही मार्गदर्शन की। जी हां दीवानगंज निवासी रघुवीर सिंह विश्वकर्मा की बेटी ने कक्षा 12 में साइंस संकाय में स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल सहित परिवार का नाम रोशन किया है। पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दीवानगंज स्कूल में कक्षा 12 की छात्रा मोनिका पिता रघुवीर सिंह विश्वकर्मा ने साइंस संकाय में 500 में से 438 अंक प्राप्त कर 87.6 % लाकर कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल सहित परिवार का नाम रोशन किया है। इस पर परिवार सहित परिजनों एवं शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।



आपको बता दें कि मोनिका पिता रघुवीर सिंह विश्वकर्मा दीवानगंज के एक छोटे से टूटे फूटे हुए मकान में रहते हैं। रघुवीर सिंह की मोनिका सहित सात बहनें पुत्री है। जिनमें से दो की शादी हो गई है पांच की शादी होना है। पिता का दिमाग ठीक नहीं है। मम्मी की 9 साल पहले मृत्यु हो चुकी है। मोनिका की बड़ी बहन मनीषा ने बताया कि मोनिका प्रतिदिन 6 घंटे नियमित पढ़ाई करती थी। शिक्षकों, बहनों से मार्गदर्शन लेत रहती थी।

**इस प्रसिद्ध सेल्फी पॉइंट पर भोपाल, विदिशा तथा रायसेन सहित पूरे देश से बड़ी संख्या में पहुंचते हैं पर्यटक**

# कर्क रेखा स्थल 15 दिन से रिपेयरिंग के इंतजार में, मलवा व मटेरियल के कारण पर्यटक परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

शासन प्रशासन के लाखों करोड़ों रुपए लापरवाह अधिकारियों द्वारा किस तरह बर्बाद किए जाते हैं इसका उदाहरण देखना हो तो रायसेन जिले के प्रसिद्ध सेल्फी पॉइंट भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 के कर्क रेखा स्थल पर आसानी के साथ देखा जा सकता है। यहां पहले लाखों रुपए खर्च कर सेल्फी पॉइंट बनाया गया था, जिसमें राजस्थानी लाल पत्थरों का चबूतरा बनाया गया था ताकि पर्यटकों को सेल्फी लेने और बैठने के लिए उचित व्यवस्था मिल सके। लेकिन देखरेख नहीं होने के कारण कर्क रेखा स्थान पर लगे राजस्थानी लाल पत्थर जगह-जगह से टूट कर छतिग्रस्त हो गए।

अब फिर से इन पूरे पत्थरों को उखाड़कर नए पत्थर लगाए जाना हैं। अभी कुछ दिन पूर्व रिपेयरिंग के लिए पूरे पत्थरों को उखाड़ गया था। और अब लगभग 15 दिन से कर्क रेखा स्थान रिपेयरिंग का इंतजार कर रहा है। बता दें कि इस मार्ग से गुजरने वाले सैकड़ो की संख्या में पर्यटक सेल्फी लेने के लिए कर्क रेखा स्थान पर जरूर रुकते हैं। मगर इस स्थान पर आज की स्थिति ऐसी है यहां पर मटेरियल पड़ा हुआ है और वहीं टूटे-फूटे पत्थरों को निकाला गया मलवा भी पड़ा हुआ है। जिसकी वजह से यहां आने वाले पर्यटकों को काफी निराशा हाथ लग रही है।






वहीं इंदौर निवासी समीर पिल्लई ने बताया कि वह भोपाल में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। वह बताते हैं कि इस स्थान के बारे में काफी सुना था इसलिए वह सोमवार को अपने साथ पढ़ने वाले दोस्तों के साथ यहां पर घूमने आए तो यहां पर देखा कि इस जगह को रिपेयरिंग की जरूरत है। टाइल्स पूरे टूटे फूटे पड़े हुए हैं। और मलबे के ढेर लगे हैं जिससे यहां पर सेल्फी लेने और घूमने में काफी परेशानी हुई।

### नहीं है कोई सुविधा

उन्होंने बताया कि लगभग 30 किलोमीटर का सफर तय कर ऐसी गर्मी में कर्क रेखा स्थान पर घूमने आए थे। मगर यहां पर मलबे के ढेर देख निराश हो गए, टूरिज्म विभाग को इस और ध्यान देना चाहिए। यहां पर रोजाना बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। क्योंकि यह रायसेन जिले का एक प्रसिद्ध सेल्फी पॉइंट है।

यह इसलिए भी खास हो जाता है हाईवे के किनारे पर ही है तो पर्यटक ज्यादा यहां पर पहुंचते हैं। मगर सुविधाओं के नाम पर यहां कुछ भी नहीं है ना तो पार्किंग है ना ही पर्यटकों के सुविधाओं के लिए कोई जगह।

### क्यों प्रसिद्ध है कर्क रेखा स्थल

*कर्क रेखा स्थल इसलिए भी प्रसिद्ध है क्योंकि यहां पर हर वर्ष 21 जून को दोपहर के 12 बजे व्यक्ति को अपनी परछाई भी नहीं दिखती और परछाई भी साथ छोड़ देती है। हम बचपन से यह कहावत सुनते आ रहे हैं कि कोई साथ हो न हो, आदमी का साया हमेशा उसके साथ रहता है, लेकिन 21 जून को कर्क रेखा क्षेत्र में आदमी का साया भी उसका साथ छोड़ देता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि कर्क रेखा स्थल पर 21 जून को दोपहर 12 बजे सूर्य की किरणें 90 डिग्री लंबवत पड़ने के कारण खड़े व्यक्ति की परछाई ही नहीं बनती। इसलिए कर्क रेखा क्षेत्र को नो शैडो जोन भी कहा जाता है। जिस कर्क रेखा को हमने बचपन से भूगोल में पढ़ा है और ग्लोब पर जिसे देखा है उस स्थान पर ठहरना अपने आप में एक सुखद अनुभूति है। कर्क रेखा मध्यप्रदेश में भोपाल से 25 किलोमीटर दूर उत्तर से निकलती है। जहां से यह गुजरती है वह स्थान भोपाल विदिशा स्टेट हाईवे-18 पर रायसेन जिले के सलामतपुर बेरखेड़ी चौराहे के पास स्थित है। कर्क रेखा को चिन्हांकित करने के लिये उस स्थल पर राजस्थानी पत्थरों से चबूतरानुमा स्मारक बनाया गया है।*